21/02/2025

आकाशवाणी ईटानगर

राज्य पुरस्कार, लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए मुख्यमंत्री पुरस्कार और 38वें राष्ट्रीय खेल, 2025 के पदक विजेताओं के सम्मान हेतु अलंकरण समारोह का आयोजन आज राजभवन ईटानगर में किया गया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उनके मंत्रिपरिषद की उपस्थिति में पुरस्कार प्रदान किए। राज्य पुरस्कार के स्वर्ण पदक विजेताओं में दोन्यी पोलो मिशन स्कूल फॉर हियरिंग एंड विजुअली इम्पेयर्ड ईटानगर, डिपार्टमेंट ऑफ़ कार्डियोलॉजी TRIHMS, विमेन पुलिस स्टेशन ईटानगर, BRO के तहत प्रोजेक्ट वर्तक, दोन्यी पोलो कल्चरल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट, रामकृष्ण शारदा मिशन, सेंटर फॉर बियर रिहैबिलिटेशन एंड कंजर्वेशन - पाक्के टाइगर रिजर्व, अमित मित्तल एसपी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, इंस्पेक्टर मिनली गेई और कांस्टेबल जिमकम खोरांग शामिल हैं। लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए मुख्यमंत्री पुरस्कार 2024 के लिए एसपी ऑफ़िस इटानगर, डिप्यूटी कमिशनर ऑफ़िस पापुम पारे और कृषि विभाग को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रोजेक्ट वर्तक के चिफ इंजिनियर ने अकाशवाणी से खास बातचित की।

**Byte Project Vartak**

0000000000000000000000

उपमुख्यंत्री चाउना मेन ने आज अपने कार्यलय में राज्य वार्षिक बजट 2025-26 के लिए समुदाय आधारित संगठनों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की। अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री ने वार्षिक बजट के तहत सक्रिय भागीदारी और बहुमूल्य इनपुट के लिए सभी सी.बी.ओस के प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त की। उन्होने कहा की इन इनपुटस के माध्यम से लोगों के प्रति अनुकूल निति तैयार करने में मदद मिलेगी। उन्होने कहा की राज्य सरकार का उद्देश्य सभी विकासात्मक गितिविधियों को ज़मिनी स्थर पर लागू किया जायगा। इस बैठक में सी.बी.ओस के अठ्ठारह प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

0000000000000000000000

राज्य के गृह एवं पीएचईडी मंत्री मामा नातुंग ने हाल ही में राजस्थान के उदयपुर में आयोजित दूसरे अखिल भारतीय जल मंत्रियों के सम्मेलन 2025 में भाग लिया। मंत्री ने जल संरक्षण और सूखते जल स्रोतों को संरक्षणा करने में राज्य की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। 'पेयजल पर ध्यान केंद्रित करने वाली जल वितरण सेवाएँ' विषयगत सत्र की सह-अध्यक्षता करते हुए श्री नातुंग ने अरुणाचल प्रदेश में अगली जल जीवन मिशन बैठक की मेजबानी करने का निमंत्रण दिया, ताकि राज्य की पूर्वोत्तर के सबसे दूर के राज्य के रूप में अद्‌वितीय स्थिति का लाभ उठाया जा सके। इस कदम का उद्देश्य जल प्रबंधन और संरक्षण में राज्य की पहल को बढ़ावा देना है। राष्ट्रीय जल मिशन, जल शक्ति मंत्रालय द्‌वारा आयोजित दो दिवसीय दूसरे अखिल भारतीय जल मंत्रियों

के सम्मेलन 2025 में "जल विजन @ 2047" पर ध्यान केंद्रित किया गया।

0000000000000000000000

अंतरराष्ट्रिय मातृभाषा दिवस के अवसर पर अरूणाचल प्रदेश लिटरेरी सोसाइटी द्वारा आज बालीजान में पुरोइक समुदाय के छात्रों के लिए जीवन ज्योति होस्टल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए ए.पी.एल.एस अध्यक्ष पदम श्री वाई.डी.थोंगची इस कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला, उन्होने पुरोइक भाषा को संरक्षित करने के लिए मातृभाषा में संवाद एवं लेखन पर ज़ोर दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिर्कत करते हुए बालीजान ए.डी.सी ताकार राबा ने इन बच्चों के बीच इस खास दिवस के आयोजन के लिए ए.पी.एल.एस की प्रशंसा की। इस अवसर पर कक्षा 9 के दो छात्रों ने अपने मातृभाषा में लिखा गया स्वरचित गीत की पेशकश की।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के वेस्ट ज़ोन के लिए 20वें तादर तांग राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट के ज़ोनल राउंड के सुचारू संचालन के लिए प्रारंभिक समन्वय बैठक का आयोजन आज तवांग उपायुक्त कार्यालय कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। बैठक की अध्यक्षता तवांग के उपायुक्त कागकी दारांग ने एसपी तवांग, जिला फुटबॉल संघ तवांग के कार्यकारी सदस्य, जिला ओलंपिक संघ तवांग, भारतीय सेना के तवांग ब्रिगेड के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में की। सभा को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने सदन को आगामी 17 से

23 मार्च 2025 तक **ग्यालवा सांगयांग ग्यात्सो हाई एल्टीट्यूड स्टेडियम**, तवांग में प्रस्तावित टूर्नामेंट के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने टूर्नामेंट के सफल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी हितधारकों से समन्वय और सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया।

0000000000000000000000

39वें राज्य दिवस 2025 के अवसर पर, यिंगकिओंग जिला उद्योग केंद्र द्वारा जागरूकता सह पंजीकरण अभियान का आयोजन किया। शिविर के दौरान 200 से अधिक कारीगरों ने पंजीकरण अभियान में भाग लिया, 50 से अधिक कारीगरों और शिल्पकारों ने सफलतापूर्वक पंजीकरण किया और पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत विभिन्न ट्रेडों में 50 अन्य कारीगरों के लिए आधार सुधार किए गए। अपर सियांग के डिप्टी कमिश्नर श्री तालो जेरंग ने कार्यक्रम के दौरान उद्योग पंजीकरण स्टाल का दौरा किया और योजना के कई लाभों के महत्व पर जोर दिया और विभाग से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि योजना को उचित तरीके से लागू किया जाए ताकि इसका लाभ उन लोगों तक पहुंचे जिन्हें वास्तव में इसकी आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि पीएम विश्वकर्मा योजना में 18 पारंपरिक व्यापार शामिल हैं, जैसे बढ़ईगीरी, नाव बनाना, लोहार, सोना गढ़ना, सिलाई, और बहुत कुछ। कारीगरों को 3 लाख रुपये तक का ऋण लेने का अवसर मिलेगा। इस पहल का उद्देश्य कारीगरों को अपने व्यवसायों को बढ़ाने और बड़े प्लेटफार्मों पर अपने शिल्प कौशल का प्रदर्शन करने के लिए सशक्त बनाना है। कारीगरों को प्रशिक्षित किया जाएगा और उन्हें ओएनडीसी, जीईएम और एमएसएमई मार्ट जैसे विभिन्न मंचों पर शामिल किया जाएगा।

0000000000000000000000

शिक्षा मंत्री पी.डी. सोना से उनके आधिकारिक आवास पर आज कंटेम्परेरी कम्युनिक क्लब, ईटानगर के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। जिसके तहत डॉक्टरेट डिग्री हॉल्डर्स, स्कोलर्स, मीडिया पेशेवर एवं स्नातक के छात्र शामिल है। इस टीम ने अरुणाचल प्रदेश के सरकारी कॉलेज और अरुणाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, पासीघाट में मास कम्युनिकेशन पाठ्यक्रम शुरू करने के लंबित अनुरोध के संबंध में एक रिप्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। राज्य से वरिष्ठ पत्रकार अमर सांगनो ने मंत्री को राज्य के मास कॉम स्नातकों के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों से अवगत कराया। इससे पहले, राजीव गांधी विश्वविद्यालय छात्र संघ ने भी गत 4 फरवरी को शिक्षा मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा था, जिसमें अरुणाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, पासीघाट और राज्य भर के सरकारी कॉलेज में मास कम्युनिकेशन और साइकोलॉजी सब्जेक्ट्स को शुरू करने का आग्रह किया गया। राजीव गांधी विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों द्वारा 2012 में स्थापित कंटेम्परेरी कम्युनिक क्लब (C3) का उद्देश्य अरुणाचल प्रदेश में मास कम्युनिकेशन/जरनलिसम के छात्रों के लिए एक रचनात्मक और ज्ञान-साझा करने का मंच प्रदान करना है।

0000000000000000000000